आकाशवाणी भोपाल
प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 08.01.2025 समय : 07.10pm

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विशाखापट्टनम में 2 लाख करोड़ रूपयों से अधिक की विकास परियोजनाओं की दी सौगात।
- प्रदेश में पार्थ योजना की हुई शुरूआत, मुख्यमंत्री ने कहा योजना से युवाओं के स्वर्णिम भविष्य की नीव होगी तैयार।
- प्रदेश में कड़ाके की ठंड जारी, पचमढ़ी में तापमान शून्य के करीब पहुॅंचा, मौसम विभाग ने दी शीतलहर की चेतावनी।
- महाकुंभ 2025 के लिए आकाशवाणी–दूरदर्शन का विशेष गीत हुआ जारी।

प्रधानमंत्री-आंध्र प्रदेश यात्रा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज विशाखापत्तनम मे दो लाख करोड़ रुपयों से अधिक विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इसके पहले श्री मोदी ने रोड शो में हिस्सा लिया जिसमें बड़ी लोगों ने उनका स्वागत किया। प्रधानमंत्री ने एनटीपीसी ग्रीन हाईड्रोजन प्रोजेक्ट के अलावा 19 हजार पांच सौ करोड़ रुपये से अधिक की रेल और सड़क परियोजनाओं का भी शिलान्यास और शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री ने इस अवसर एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आंध्र प्रदेश को केंद्र सरकार विकास परियोजनाओं के लिए विशेष प्राथमिकता दे रही है। कार्यक्रम में उनके साथ आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चन्द्रबाबू नायडू और उप-मुख्यमंत्री के. पवन कल्याण भी उपस्थित रहे ।

पार्थ योजना

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भोपाल के तात्या टोपे नगर स्टेडियम में आयोजित 'राज्य स्तरीय युवा महोत्सव' के समापन समारोह में सहभागिता की एवं प्रदेश के ऊर्जावान युवाओं के लिए "मध्यप्रदेश युवा प्रेरक अभियान" व "पार्थ" यानी पोलिस आर्मी रिक्रूटमेंट ट्रेनिंग एण्ड हुनर योजना का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि यह योजना निश्चित ही युवाओं के स्वर्णिम भविष्य की नींव तैयार करेगी।

विश्वविद्यालय समीक्षा

राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज राजभवन में शासकीय विश्वविद्यालयों के कुलगुरूओं की बैठक को संबोधित किया। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि विश्वविद्यालय की व्यवस्थाओं में उच्च गुणवत्ता को लक्ष्य बनाए। लक्ष्य और प्राप्ति के प्रयासों के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति में विश्वविद्यालयों

को पर्याप्त स्वायत्ता दी गई है। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्वविद्यालय राष्ट्रीय शिक्षा नीति के परिप्रेक्ष्य में अपने सीमित दायरे से बाहर निकलें। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि विश्वविद्यालय क्षेत्रीय स्तर पर रोजगार की सम्भावनाओं को बढ़ाने वाले पाठ्यक्रमों पर फोकस करें। डिग्री, डिप्लोमा के साथ ही मांग आधारित पाठ्यक्रम भी प्रारम्भ किये जाएं।

**राष्ट्रपति दौरा**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु कल से मेघालय और ओडिशा के दौरे पर रहेंगी। राष्ट्रपति मेघालय के उमियम में **आई सी ए आर** अनुसंधान परिसर के स्वर्ण जयंती समारोह में शामिल होंगी। राष्ट्रपति दस जनवरी को ओडिशा के भुवनेश्वर में 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन के समापन सत्र में शामिल होंगी और प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार प्रदान करेंगी।

टी.बी. उन्मूलन

भारत सरकार के 100 दिवसीय टी.बी. उन्मूलन अभियान के अंतर्गत विदिशा जिले को उच्च प्राथमिकता वाला जिला चयनित किया गया है। इस अभियान के तहत, भोपाल रेल मंडल के प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी के मार्गदर्शन में विदिशा स्टेशन पर जिला क्षय नियंत्रण केंद्र, के सहयोग से "निक्षय शिविर" का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 174 लाभार्थियों ने भाग लिया, जिनमें से 106 रेलवे कर्मचारी और उनके परिजन थे। शिविर में उच्च जोखिम वाली आबादी की स्क्रीनिंग हेतु एक्स-रे और बलगम परीक्षण किए गए। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि स्टेशन पर यात्रियों और आमजन में टी.बी. के बचाव, शीघ्र निदान, उपचार, और आहार संबंधी जानकारी साझा की गई।

कृषि मंत्री शिवराज

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मिलकर आम बजट के संबंध में सुझाव दिए। केंद्रीय मंत्री श्री चौहान ने पत्रकारों को बताया कि . किसानों से जो सुझाव मिले, उसे हमने वित्त मंत्री के सामने रखा है।

सतना एअरपोर्ट

लंबे इंतजार के बाद सतना एअरपोर्ट अब पूरी तरह से बनकर तैयार हो गया है। यह हवाई अड्डा क्षेत्रीय कनेक्टिविटी और पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विकसित किया गया है। यहां से जल्द ही पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा के तहत उड़ानों का भी संचालन शुरू किया जाएगा। एअरपोर्ट के चालू होने से आसपास के पर्यटन स्थलों, जैसे खजुराहो, चित्रकूट, और मैहर मंदिर तक पहुंचना सुगम होगा। यह क्षेत्र धार्मिक और

ऐतिहासिक पर्यटन के लिए प्रसिद्ध है, और अब देश-विदेश के पर्यटक आसानी से इन स्थलों की यात्रा कर सकेंगे। पर्यटक वायु सेवा में बुकिंग के लिए www.flyola.in वेबसाइट पर जाकर बुक कर सकते है।

मौसम

प्रदेश में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। भोपाल, राजगढ़,शाजापुर और सीहोर में तीव्र शीतलहर का प्रभाव है। भोपाल में कल रात तापमान 3 दशमलव 6 डिग्री सेल्सियस तक पहुॅच गया। राजगढ़ में 1 दशमलव 6 ,सीहोर में 2 दशमलव 7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पचमढ़ी में तापमान शून्य के करीब पहुॅच गया है। यहां तापमान दशमलव दो डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के लिए राजगढ़, भोपाल, विदिशा, बैतूल सहित 8 जिलों में शीतलहर का यलो अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा 20 जिलों में शीतल दिन और कोहरे के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है। जिसमें ग्वालियर, नीमच, कटनी, मैहर आदि शामिल है।

**आकाशवाणी-दूरदर्शन गीत**

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज नई दिल्ली में महाकुंभ 2025 को समर्पित आकाशवाणी और दूरदर्शन के लिए विशेष गीत का लोकार्पण किया। इस समारोह में प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत कुमार सहगल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी, दूरदर्शन की महानिदेशक कंचन प्रसाद और आकाशवाणी की महानिदेशक प्रज्ञा पॉलीवाल गौड उपस्थित थी।

**समाचार संक्षेप :-**

- नीमच जिला प्रशासन द्वारा बांछड़ा समुदाय के उत्थान, कल्याण एवं स्वरोजगार उपलब्ध कराने के लिए संचालित पंख अभियान के तहत ग्राम पंचायत चल्दू में पांच दिवसीय बंधेज प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा हैं।
- भारतीय सुरक्षा दस्ता परिषद नई दिल्ली व भारत सरकार पसारा एक्ट 2005 के तहत कल आगरमालवा में शिक्षित युवाओं को रोजगार प्रदान करने हेतु भर्ती कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत नगर परिषद बडागाव में कल शिविर लगेगा।

- श्योपुर, कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा लोक सेवाओं के आवेदन समय सीमा में निराकृत नही करने पर 46 ग्राम पंचायत सचिवों के विरूद्ध 25 हजार 500 रूपयें जुर्माने की कार्यवाही की गई है।
- छिंदवाड़ा में आज कॉलेज चलो अभियान 2025-26 का भव्य शुभारंभ किया गया। इस अभियान का उद्देश्य प्रदेश के छात्रों को उच्च शिक्षा में प्रवेश के लिए जागरूक करना और उन्हें ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया एवं विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी प्रदान करना है।
- **सीहोर जिले में स्वामी विवेकानन्द की जयंती 12 जनवरी , युवा दिवस के रूप में मनाया जाएगा | इस दिन प्रदेश के अन्य जिलो की तरह स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति मिशन प्रारंभ किया जायेगा।**
- खंडवा में स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 के अंतर्गत आज नगर निगम खंडवा द्वारा शहरवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने हेतु विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं।

मुख्य समाचार एक बार फिर

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विशाखापट्टनम में 2 लाख करोड़ रूपयों से अधिक की विकास परियोजनाओं की दी सौगात।
- प्रदेश में पार्थ योजना की हुई शुरूआत, मुख्यमंत्री ने कहा योजना से युवाओं के स्वर्णिम भविष्य की नीव होगी तैयार।
- प्रदेश में कड़ाके की ठंड जारी, पचमढ़ी में तापमान शून्य के करीब पहुॅचा, मौसम विभाग ने दी शीतलहर की चेतावनी।
- महाकुंभ 2025 के लिए आकाशवाणी–दूरदर्शन का विशेष गीत हुआ जारी।

....................